# चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ

## 37वाँ दीक्षान्त समारोह

## अधिसूचना

एतद्द्वारा सूचित किया जाता है कि चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ का 37वाँ दीक्षान्त समारोह सोमवार, दिनांक 22 सितम्बर, 2025 को होना सुनिश्चित हुआ है। दीक्षान्त समारोह की अध्यक्षता माननीय कुलाधिपति एवं श्री राज्यपाल श्रीमती आनंदी बेन पटेल जी करेंगी। समारोह के अति विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश के माननीय उच्च शिक्षा मंत्री श्री योगेन्द्र उपाध्याय जी, विशिष्ट अतिथि उत्तर प्रदेश की माननीय उच्च शिक्षा राज्य मंत्री श्रीमती रजनी तिवारी जी, तथा मुख्य अतिथि प्रोफेसर टी. जी. सीताराम, अध्यक्ष, अखिल भारतीय तकनीकी शिक्षा परिषद्, नई दिल्ली होंगी। दीक्षान्त समारोह में कार्यक्रमानुसार विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों में सर्वोच्च स्थान प्राप्तकर्ता विद्यार्थियों को प्रायोजित पदक, पदक व विशिष्ट योग्यता प्रमाण पत्र, शोध छात्रों को उपाधि, लाला लाजपतराय मेडिकल कॉलिज, मेरठ से एम0बी0बी0एस0 की उपाधि तथा विश्वविद्यालय परिसर से एम0ए0, एम0एससी0 एवं अन्य पाठ्यक्रमों के उपाधि धारकों को विभूषित किया जायेगा। विश्वविद्यालय परिसर से शिक्षा प्राप्त विद्यार्थियों की उपाधियों का वितरण उनके सम्बन्धित विभाग से तथा शोध छात्रों व लाला लाजपतराय मेडिकल कॉलिज, मेरठ की एम0बी0बी0एस0 की उपाधियों का वितरण दीक्षान्त समारोह के दिन प्रातः 6:30 बजे से 8:30 बजे तक विश्वविद्यालय परिसर के गोपनीय विभाग एवं प्रशासनिक भवन के स्वागती कक्ष के काउन्टर से किया जायेगा।

## कार्यक्रम

**(दिनांक 22.09.2025, प्रातः 10:00 बजे से)**

वर्ष 2025 में प्रदत्त किये जाने वाले पदकों से अर्ह विद्यार्थियों का अलंकरण, किसान ट्रस्ट, नई दिल्ली के पुरस्कारों से अर्ह विद्यार्थियों का अलंकरण, प्रायोजित पदक, विशिष्ट योग्यता प्रमाण–पत्र तथा विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व परम्परानुसार दीक्षान्त समारोह में प्रदान की जाने वाली उपाधियों से विभूषित किया जाना एवं दीक्षोपदेश, नेताजी सुभाषचन्द्र बोस प्रेक्षागृह, विश्वविद्यालय परिसर में सम्पन्न होना सुनिश्चित हुआ है।

समस्त पदक एवं प्रमाण–पत्र प्राप्त करने वाले विद्यार्थी दिनांक 19.09.2025 को प्रातः 10:30 बजे विश्वविद्यालय परिसर स्थित नेताजी सुभाष चन्द्र बोस प्रेक्षागृह में पहुँचकर अपनी उपस्थिति दर्ज कराते हुए वांछित पत्रजातों को उपलब्ध करायेंगे। दीक्षान्त समारोह का कार्यक्रम, उपाधि वितरण का कार्यक्रम, सभी पदक व उपाधि धारकों की सूची एवं अद्यतन सूचना चौधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ की वेबसाइट **www.ccsuniversity.ac.in** पर उपलब्ध रहेगी। अर्ह विद्यार्थियों से अपेक्षा है कि विश्वविद्यालय वेबसाईट पर उपलब्ध विवरण व कार्यक्रमानुसार निर्धारित प्रारूप में पदक प्राप्त किये जाने की समस्त औपचारिकतायें पूर्ण कर अपनी उपाधि तथा पदक ग्रहण करने के लिए उपस्थित होना सुनिश्चित करें।

17.9.25

कुलसचिव

**विशेष :** दीक्षान्त समारोह में प्रवेश निर्धारित समय तक ही निमन्त्रण–पत्र एवं फोटोयुक्त परिचय–पत्र के द्वारा होगा, इनके अभाव में प्रवेश वर्जित होगा।